दिनांक 10 अप्रैल, 2015 को अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ़ में वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि डॉ० अनिल जैन (भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय सचिव और हरियाणा के प्रभारी), कार्यक्रम अध्यक्ष के रुप में श्री कृष्णपाल गुर्जर (सामाजिक न्याय और सशक्तिकरण के राज्यमंत्री, भारत सरकार) विशिष्ट अतिथि के रुप में विधायक श्री विपुल गोयल (फरीदाबाद विधान सभा), विधायक श्री मूलचन्द शर्मा (बल्लबगढ़ विधान सभा), श्री दीपक मंगला (राजनैतिक सचिव, मुख्य मंत्री), विधायका श्रीमती सीमा त्रिखा (बडखल, विधानसभा क्षेत्र) उपस्थित रहे. इस अवसर पर अतिथिगण का स्वागत अग्रवाल विद्या प्रचारिणी सभा के पूर्व प्रधान लाला रतन सिंह गुप्ता, प्रधान श्री देवेन्द्र गुप्ता, अग्रवाल कॉलेज प्रबंध समिति के उपाध्यक्ष डॉ० वासुदेव गुप्ता, महासचिव श्री विजय गुप्ता (एडवोकेट), कोषाध्यक्ष श्री मेहर चन्द मित्तल, कॉलेज प्राचार्य डॉ० कृष्णकान्त गुप्ता, प्रबन्धन समिति के पदाधिकारी एवं महाविद्यालय के प्रवक्ताओं ने पुष्प गुच्छ एवं मालार्पण भेंट कर किया.

प्राचार्य डॉ० कृष्णकान्त गुप्ता ने स्वागत भाषण एवम महाविद्यालय की प्रगति आख्या प्रस्तुत की. उन्होंने महाविद्यालय की शैक्षणिक, क्रीड़ा क्षेत्र, राष्ट्रीय सेवा योजना, एनसी.सी, सांस्कृतिक गतिविधियाँ, महिला प्रकोष्ठ, इन्टैक यंग हैरिटैज क्लब, विज्ञान फोरम, संगोष्ठी व कार्यशालाओं की उपलब्धियों का विवरण देते हुए विद्यार्थियों, प्राध्यापकों, गैर शिक्षण कर्मचारियों एवम प्रबधन समिति के सामूहिक प्रयास की सराहना करते हुए बताया कि इन सभी के संगठनात्मक प्रयास से राष्ट्रीय मूल्यांकन एवम प्रत्ययन परिषद् की टीम ने गुणवत्ता व गुणात्मक कार्यों के आधार पर महाविद्यालय को 3.40 सी.जी.ए. प्रदान करते हुए "ए" ग्रेड प्रदान किया. उन्होंने कहा यदि इंसान की नीति और नीयत स्पष्ट और निष्पक्ष हो तो मानव की प्रगति के मार्ग स्वतः खुलते चले जाते हैं.

महाविद्यालय के वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह के अन्तर्गत भिन्न–भिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया. स्वागत गीत, ग़ज़ल इत्यादि के साथ–साथ राज्य स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त रसिया टीम ने नृत्य का प्रदर्शन कर माहौल रसमय बना दिया. अग्रवाल सिनियर सेकेन्डरी स्कूल की छात्राओं ने प्रधानमंत्री के स्वर्णिम सपनों को लेकर "बेटी बचाओ बेटी पढाओं" नाटिका के माध्यम से जनमानस को सारगर्भित संदेश दिया.

"नर की लीला नारी से है सारी
नारी से ही जग की उत्पत्ति सारी

जा लीला में नारी की सत्ता ना है भारी
उसकी दशा किसी ने ना सम्हारी”

समस्त जनमानस को सोचने पर विवश कर दिया बेटी नहीं बचाओगे खुशियाँ कहाँ से लाओगे. अग्रवाल पब्लिक स्कूल बल्लबगढ़ व अग्रवाल पब्लिक स्कूल सैक्टर–3 ने भी सामूहिक नृत्य प्रस्तुत कर माहौल को खुशनुमा बना दिया.

इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ० अनिल जैन ने सभी छात्र–छात्राओं को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि हमारी युवा पीढ़ी मे अपार क्षमता है. विश्व की जनसंख्या का सर्वाधिक प्रतिशत युवा शक्ति भारत में हैं. अगर विश्व मे विकास के सोपान पर पहुँच कर पुनः विश्व गुरु की श्रेणी में आना है तो नीयत, नीति और निर्णय में एक रुपता लानी होगी.
इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित श्री कृष्णपाल गुर्जर् ने अपने संबोधन में कहा कि अनुशासन, समर्पण और संकल्प राष्ट्र के विकास का मूल आधार है और उन्होंने कहा समाज में फैली विसंगतियों और कुरीतियों का समूल नाश युवा पीढ़ी ही कर सकती है. अतः शिक्षक वर्ग के साथ माँ–बाप को चाहिए उन्हे अच्छे पोषण के साथ श्रेष्ठ संस्कार बच्चों में डालना चाहिए. श्रेष्ठ संस्कार से ही राष्ट्र का परिष्कार सम्भव है.
इस अवसर पर शिक्षा, क्रीड़ा, सांस्कृतिक व रचनात्मक क्षेत्र में उपलब्धियाँ प्राप्त करने वाले व उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 250 छात्र–छात्राओं को मुख्य अतिथि द्वारा पुरस्कृत किया गया. कला संकाय में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाली छात्रा कु० पूनम को माता किशन देई स्वर्णपदक से पुरस्कृत किया. विज्ञान संकाय में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाली छात्रा कु० निधि गुप्ता को (कन्साईस ऑफ साईस) स्वर्ण पदक प्रदान किया गया. वाणिज्य के क्षेत्र में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाली छात्रा कु० गीता को अग्रवाल महाविद्यालय एल्यूमनाई स्वर्ण पदक प्रदान किया गया. इस अवसर पर पुरुष वर्ग में सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी लोकेश बी.कॉम. द्वितीय वर्ष तथा महिला वर्ग में कु० सविता बी.ए. द्वितीय वर्ष को पुरस्कृत किया गया. स्वयंसेवक राघव बाफना को सर्वश्रेष्ठ एन.एस.एस. स्वयंसेवक तथा कैडेट रोहित शर्मा को सर्वश्रेष्ठ एन.सी.सी. कैडेट चुना गया. क्रीड़ा क्षेत्र में अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर स्वर्ण पदक प्राप्त गौरव गर्ग बी.कॉम. और महिला वर्ग मे अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर प्रीति लांबा बी.ए. द्वितीय वर्ष को पुरस्कृत किया गया.

इस अवसर पर सर्वश्रेष्ठ पी.जी. (पुरुष वर्ग) अंकित सिंगला, एम.कॉम. अंतिम वर्ष, सर्वश्रेष्ठ पी.जी. (महिला वर्ग) राखी एम.एस.सी., सर्वश्रेष्ठ यू.जी. (पुरुष) राघव बाफना बी.कॉम (सी.ए.) तृतीय वर्ष तथा सर्वश्रेष्ठ यू.जी. (महिला) कमलेश बी.ए. तृतीय वर्ष के खिताब से नवाजा गया. सर्वश्रेष्ठ नायक अंकित सिंगला और नायिका कु० तुलिका को पुरस्कृत किया गया.

आगन्तुक अतिथियों का महाविद्यालय प्राचार्य डॉ० कृष्णकान्त गुप्ता, अग्रवाल विद्या प्रचारिणी सभा के प्रधान ने स्मृति चिह्न एवं शॉल देकर सम्मानित किया.

विधायक श्री मूल चन्द शर्मा ने सभी आगन्तुकों का धन्यवाद ज्ञापित किया.

कार्यक्रम में विशेष रुप से अग्रवाल प्रबंध समिति के उपाध्यक्ष डॉ० वासुदेव गुप्ता, महासचिव श्री विजय गुप्ता, कोषाध्यक्ष श्री मेहर चन्द मित्तल, श्री दिनेश गुप्ता (एडवोकेट), श्री मूल चन्द मित्तल, डॉ० एस.के. चक्रवर्ती, जिला अध्यक्ष श्री अजय गौड़, पूर्व अध्यक्ष श्री गोपाल शर्मा, श्री अशोक मित्तल (वरिष्ठ अधिवक्ता) एवं विद्या प्रचारिणी सभा के गणमान्य सदस्य एवं प्रवक्तागण उपस्थित थे.